an>

title: Request to complete the railway track work from Udaipur to Ahmedabad.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र उदयपुर से अहमदाबाद तक आमान परिवर्तन कार्य की ओर आकृष्ट करता हूँ। इसे शीघ्रता से पूरा कराया जाए। ...(व्यवधान) वर्ष 2016-17 में इसके लिए लगभग सात सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, फिर भी अभी तक उसका काम धीमी गति से ही हो रहा है। ...(व्यवधान) उदयपुर झीलों की नगरी है। उदयपुर शहर को स्मार्ट सिटी में भी लिया गया है। दक्षिण के राज्यों कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराÂट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में जाने के लिए अगर उदयपुर से अहमदाबाद वाया हिम्मतनगर ब्रॉडगेज लाइन शीघ्रता से कम्पलीट हो जाती है तो इससे यातायात में सुविधा हो जाएगी। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि अहमदाबाद वाया डुंगरपुर, हिम्मत नगर रेल आमान परिवर्तन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करें।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री सी.पी. जोशी,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(व्यवधान)